प्रेस–नोट

B

कार्यालय महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर

एसीबी ने रोडवेज ए.टी.आई. को 15 हजार रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

जयपुर, 08 फरवरी। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो बून्दी ने बुद्यवार रात को झालावाड इकलेरा रोड़, तीन धार चौराहा के पास परिचालक से 15 हजार रूपये की रिश्वत लेते रोड़वेज के सहायक यातायात निरीक्षक को रंगें हाथों गिरफ्तार किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो बून्दी उप अधीक्षक श्री तरूणकान्त सोमानी ने बताया कि झालावाड़ डिपो में कार्यरत सहायक यातायात निरीक्षक श्री बीरमाराम ने दो माह पूर्व इसी डिपो के परिचालक श्री राहुल व्यास की बस चैक की थी, जिसमें तीन सवारियां बिना टिकट पाई गई। उन्होंने बताया कि आरोपी द्वारा परिचालक राहुल को कहा कि बिना टिकट पाई गई सवारियों का रिमार्क व भविष्य में कभी रिमार्क नहीं लगाया जायेगा इस एवज में ए.टी.आई. बीरमाराम ने परिचालक राहुल से 25 हजार रूपये रिश्वत की मांग की गई थी। जिसमें ए.टी.आई. को 15 हजार रूपये की राशि के साथ रंगें हाथों ट्रेप किया गया।

– – –